भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 92 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - गुरुवार, 18 सितम्बर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## धीरज गुर्जर का भीलवाड़ा फोकस के सवालों पर बेबाक जवाब - किसानों की फसलें बर्बाद, सरकार गिरदावरी का दिखावा कर रही

### कांस्या में पत्रकार वार्ता में मुआवजा, संगठन और भाजपा नेताओं पर बोले, 19 सितंबर के जन अधिकार आंदोलन में बड़े पैमाने पर शामिल होने का आह्वान

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया

**कपिल श्याम विजय** । कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और पूर्व राज्य मंत्री धीरज गुर्जर ने बुधवार को कांस्या में पत्रकारों से विशेष संवाद किया, जिसमें उन्होंने किसानों के फसल मुआवजे, मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में ब्लॉक अध्यक्ष पद के लंबे समय से रिक्त रहने और भाजपा नेताओं के बयानों पर बेबाकी से जवाब दिया।

कांस्या में पूर्व प्रधान कैलाश मीणा के निवास पर आयोजित बैठक में गुर्जर ने कहा कि जिले की फसलें पूरी तरह चौपट हो चुकी हैं, लेकिन भाजपा सरकार केवल गिरदावरी का दिखावा कर रही है।

गुर्जर ने कहा यह किसानों का दुर्भाग्य है कि सरकार कागज़ी औपचारिकताओं में उलझी हुई है। अगर खेतों में जाकर देखा जाए तो किसान अपनी मुरझाई फसल देखकर माथा पकड़ें हुए है ।

गुर्जर ने भाजपा सांसद और विधायकों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वे केवल बयानबाज़ी में लगे हैं, जबकि किसानों की तकलीफों के लिए कोई ठोस कदम



नहीं उठा रहे। जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा पर भी कटाक्ष करते हुए कहा, उनके कारनामों को पूरा राजस्थान जानता है। अब लोग उनकी हरकतों को मनोरंजन की तरह लेते हैं।

विशेष रूप से गुर्जर ने बिजोलिया, मांडलगढ़, जहाजपुर, कोटड़ी, शाहपुरा और फुलियाकला में किसानों के लगभग 80 से 90 करोड़ रुपये के पिछले साल के बकाया मुआवजे का मामला उठाया । गुर्जर ने कहा हम बीमे का पैसा नहीं मांग रहे, अन्नदाता को उसकी मेहनत का हक चाहिए। सरकार को शत-प्रतिशत खराबा घोषित कर मुआवजा राशि तुरंत जारी करनी चाहिए। साथ ही ग्राम पंचायतों का गठन जन भावना के अनुरूप होना



चाहिए, स्कूलों में नवीन कक्षों का निर्माण किया जाए और निलंबित सरपंचों को पद पर लौटाया जाए।

गुर्जर ने मांडलगढ़ विधानसभा में कांग्रेस संगठन को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि ब्लॉक अध्यक्ष के पद लंबे समय से रिक्त हैं, लेकिन कांग्रेस संगठन सृजन के माध्यम से पूरे देश में रिक्त पद भर रही है। यहां भी नए लोगों को अवसर दिया जाएगा। जन अधिकार आंदोलन में पूर्व प्रधान कैलाश मीणा और गोपाल मालवीय से चर्चा हुई है , सहयोग लेकर इस क्षेत्र से लगभग 5 हज़ार लोग जन अधिकार आंदोलन में जुड़ेंगे। इससे पहले गुर्जर ने तिलस्वा में आयोजित बैठक में बिजोलिया क्षेत्र समेत हजारों सैकड़ो किसानो से चर्चा कि।

गुर्जर ने किसानों से अपील की कि वे 19 सितंबर को भीलवाड़ा में होने वाले जन अधिकार आंदोलन में बड़ी संख्या में पहुंचकर अपनी ताकत दिखाएं। कांस्या में आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। जिला परिषद सदस्य श्यामा मीणा, मीनाक्षी मीणा, नटवर मीणा, पिंटू मीणा, नरेश मीणा, मांडलगढ़ के प्रधान जितेंद्र मूंदड़ा, पूर्व प्रधान गोपाल मालवीय, यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष तूफ़ान यादव, संगठन मंत्री शक्तिनारायण शर्मा , जगदीश सांखला, सत्य नारायण मेवाडा , विजय तिवारी और पूर्व उप प्रधान मुबारीक सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, युवक गंभीर घायल

### अवैध बजरी खनन पर ग्रामीणों में रोष



भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**(सांवर वैष्णव)** । बड़लियास थाना क्षेत्र के अड़सीपुरा-भाकलिया मार्ग पर बुधवार को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कोटड़ी निवासी राधेश्याम मुंदड़ा पिता रामगोपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में उतर गया और उसकी ट्रॉली पलट गई। चालक मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों के अनुसार, ट्रैक्टर बजरी खाली कर जित्या से अड़सीपुरा की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी । टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक उछलकर दूर जा गिरी और युवक सड़क पर गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना पर ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस को बुलाया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। घटना की जानकारी के बाद थाना पुलिस से एएसआई जेठमल ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में अवैध बजरी खनन के चलते खाली और भरे ट्रैक्टर तेज रफ्तार से गुजरते हैं, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## कांस्या में कांग्रेस नेतृत्व का जोरदार स्वागत, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

### डोटासरा, जूली और धीरज गुर्जर का माल्यार्पण कर किया अभिनंदन, संगठन को मजबूत बनाने का लिया संकल्प





भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया

**श्याम / रमेश** । बेंगू में किसानों से संवाद कर जयपुर लौटते समय कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर बुधवार को कांस्या पहुंचे। यहाँ पूर्व प्रधान कैलाश मीणा के निवास पर बिजोलिया ब्लॉक क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

स्वागत समारोह में पूर्व प्रधान



कैलाश मीणा , जिला परिषद सदस्य श्यामा मीणा, जिला परिषद सदस्य मीनाक्षी मीणा, नटवर मीणा, पिंटू मीणा, पूर्व सरपंच नरेश मीणा, मांडलगढ़ के प्रधान जितेंद्र मूंदड़ा, पूर्व प्रधान गोपाल मालवीय, यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष तूफ़ान यादव, कांग्रेस संगठन मंत्री शक्तिनारायण शर्मा, पूर्व उप प्रधान मुबारिक , पूर्व सरपंच विजय तिवाड़ी, सत्यनारायण मेवाड़ा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस दौरान नेताओं को स्मृति चिन्ह और माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रदेश नेतृत्व का फूल-मालाओं से अभिनंदन किया और कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया ।

## एनिकट में डूबने से महिला, बेटा और भतीजे की मौत, अस्पताल में डॉक्टरो के नहीं मिलने पर हंगामा



भीलवाड़ा फोकस @ करेड़ा

थाना क्षेत्र के बागजणा गांव में बुधवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया । मवेशियों को पानी पिलाने गए परिवार के तीन सदस्य एनिकट में डूबकर मौत के शिकार हो गए। हादसे के बाद जब ग्रामीण शवों को लेकर अस्पताल पहुंचे, तो वहां चिकित्सक अनुपस्थित मिलने पर आक्रोश फैल गया और लोगों ने हंगामा कर दिया।

करेड़ा थाने के एएसआई जेठमल के अनुसार, बागजणा निवासी लक्ष्मी 45 पत्नी चांदूनाथ, 12 वर्षीय बेटा प्रवीण और जेठ लेहरु नाथ का 13 वर्षीय बेटा सुनील बुधवार को दोपहर में मवेशियों को पानी पिलाने गांव के एनिकट पर गए थे। इसी दौरान सुनील का पैर फिसलने से वह गहरे पानी में गिर गया। उसे बचाने के लिए लक्ष्मी और प्रवीण भी कूद पड़े, लेकिन तीनों डूब गए।

कुछ देर बाद वहां पहुंचे चरवाहों ने घटना देखी और गांव में सूचना दी। ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे और सभी को एनिकट से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। हादसे के बाद जब परिजन और ग्रामीण शव लेकर अस्पताल पहुंचे, तो वहां चिकित्सक अनुपस्थित थे। काफी देर फोन करने के बाद भी डॉक्टर नहीं पहुंचे, जिससे गुस्साए लोगों ने हंगामा कर दिया। बाद में प्रशासनिक अधिकारियों ने समझाइश कर मामला शांत कराया। प्रशासन ने मृतकों के परिजनों को राज्य आपदा राहत कोष से चार-चार लाख रुपये की सहायता का आश्वासन दिया है। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है । पुलिस ने मृतकों का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सुपुर्द किया है । पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## करेडा पुलिस ने अवैध गांजा के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ करेड़ा।

अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस की सक्रिय कार्यवाही के तहत थाना पुलिस ने 444 ग्राम अवैध गांजा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी पुरणमल मीणा ने बताया कि चावण्डिया रोड पर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर उसके कब्जे से गांजा बरामद किया। गिरफ्तार आरोपी राजेश कुमावत उर्फ राजु 48 पुत्र दयाराम, निवासी चावण्डिया करेडा है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया है ।



'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# डोटासरा-जूली के स्वागत में पुष्पवर्षा, भोपतपुरा में स्कूली बच्चों की एंट्री ने मचाई हलचल

## भव्य आयोजन के बीच संगठन में बिखराव और विद्यालय प्रबंधन की लापरवाही पर उठे सवाल



बिजोलिया : शक्करगढ़ चोराहे पर स्वागत करते हुए



बिजोलिया : भोपतपुरा में सम्मान करते हुए



बिजोलिया : देव डूंगरी पर हुआ स्वागत



बिजोलिया : भोपतपूरा कार्यक्रम में पंहुचे स्कूली बच्चे

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा और विधानसभा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के बुधवार को बिजोलिया आगमन ने कस्बे का माहौल सियासी रंग में रंग दिया। शक्करगढ़ चौराहे पर हुए मुख्य कार्यक्रम में जेसीबी से पुष्पवर्षा कर दोनों नेताओं का भव्य स्वागत किया गया, जहां कांग्रेस के वरिष्ठ और सीनियर नेताओं की मौजूदगी ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ा दी। मंच पर यूथ कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष तूफान यादव, जिला अनुसूचित प्रकोष्ठ अध्यक्ष सोजी राम मीणा, सरपंच दुर्गालाल काबरा, विजय तिवारी, रामलाल भील, नंदलाल मेघवंशी, सत्यनारायण मेवाड़ा, जगदीश सांखला, अनिल टाक, कमलेश सेन, रईस पेंटर, संजय मालवीय, राजेंद्र माथुर, शशांक टाक, हेमंत भदौरिया सहित कई वरिष्ठ और युवा नेता मौजूद थे।

लेकिन इस पूरे उत्सव के बीच भोपतपुरा का स्वागत कार्यक्रम नई बहस का कारण बन गया। यहां नगर अध्यक्ष अनिल राव और जिला परिषद सदस्य अंकित तिवाड़ी के नेतृत्व में नेताओं का अभिनंदन किया गया, मगर साथ ही स्कूल समय में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के कुछ बच्चे भी एक कार से टोल नाके के पास पहुंचे और कार्यक्रम में शामिल हो गए। जानकारी सामने आने के बाद जब विद्यालय के प्रधानाचार्य से सवाल पूछा गया, तो उन्होंने बच्चों के इस कार्यक्रम में जाने से अनभिज्ञता जताई। घटना ने स्थानीय स्तर पर विद्यालय अनुशासन और राजनीति में बच्चों की भागीदारी पर सवाल खड़े कर दिए। संगठनात्मक स्तर पर भी बिखराव साफ दिखा। साधु सीताराम दास स्मारक पर वरिष्ठ नेता गोपाल राव के नेतृत्व में स्वागत हुआ, जबकि देवनारायण डूंगरी पर विक्रम सोनी, सुधीर कोतवाल, ऋषिराज सोनी और अभय मेवाड़ा ने नेताओं का अभिनंदन किया। मुख्य मंच पर डोटासरा और जूली को 21 किलो की विशाल माला पहनाकर सम्मानित किया गया और 'हल' व 'जय जवान जय किसान' की फोटो फ्रेम स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की गई। ब्लॉक संगठन मंत्री शक्ति नारायण शर्मा ने संगठन से जुड़ी जानकारियां साझा कीं।

नेताओं के दौरे ने कार्यकर्ताओं में उत्साह तो जगाया, लेकिन भोपतपुरा की घटना ने यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि राजनीतिक आयोजनों में बच्चों की मौजूदगी पर सख्त नियम और विद्यालय स्तर पर बेहतर निगरानी की आवश्यकता है।

# आकोला में ग्रामीण सेवा शिविर, मौके पर निपटी ग्रामीणों की समस्याएं



**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**जसवंत पारीक।** ग्राम पंचायत मुख्यालय पर बुधवार को आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और कई मामलों का मौके पर निस्तारण किया। शिविर का निरीक्षण मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल, कोटड़ी प्रधान करण सिंह बेलवा ने किया। शिविर में सामाजिक न्याय, राजस्व, चिकित्सा, पशु चिकित्सा, आयुर्वेद, आंगनबाड़ी सहित कई विभागों ने सेवाएं दीं। पशु चिकित्सा विभाग ने पांच पशुपालकों को पशु बीमा पॉलिसी सौंपी। वहीं, तहसीलदार रामकिशन मीणा ने किसानों से खेतों की गिरदावरी समय पर करवाने और भूमि की आईडी रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की। ग्रामीणों ने अवैध कोयला भट्टियों को हटाने और श्मशान घाट के लिए भूमि आवंटन की मांग भी रखी। शिविर में सफलता की कहानियां भी देखने को मिलीं। वृद्धावस्था पेंशन से वंचित जेतु देवी की पेंशन मात्र 30 मिनट में स्वीकृत की गई, जबकि गोपाललाल जाट के नाम का राजस्व रिकार्ड में शुद्धिकरण कर राहत दी गई। शिविर में उपखण्ड अधिकारी तानिया रिनवा, तहसीलदार राम किशन मीणा, पंचायत प्रशासक शिव लाल जाट सहित कई विभागों के अधिकारी और कार्मिक मौजूद रहे । हालांकि, बिजली, पीडब्ल्यूडी, वन और श्रम विभाग के अधिकारी नहीं आने से किसानों ने नाराजगी जताई।

# विश्वकर्मा पूजा दिवस पर जांगिड़ समाज ने निकाली भव्य वाहन रैली

## त्रिवेणी संगम से मांडलगढ़ होते हुए सिंगोली चारभुजा मंदिर तक उत्साह, पूजा-अर्चना व प्रसाद वितरण

**भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा।**



जांगिड़ समाज ने बुधवार को विश्वकर्मा पूजा दिवस को हर्षोल्लास से मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत त्रिवेणी संगम पर हुई, जहां विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना और आरती की गई। मौके पर मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल, प्रधान जितेंद्र मूंदड़ा, हरिलाल जाट, विनोद ओसवाल, नेता प्रतिपक्ष सत्यनारायण मेवाड़ा, गोवर्धन वैष्णव, जांगिड़ विश्वकर्मा विकास समिति अध्यक्ष कन्हैयालाल जांगिड़ और श्री जांगिड़ समाज सेवा समिति, त्रिवेणी धाम अध्यक्ष कैलाश जांगिड़ सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

पूजन के बाद छठवीं भव्य वाहन रैली त्रिवेणी संगम से रवाना होकर मांडलगढ़ पहुंची। मांडलगढ़ में मोडू लाल जांगिड़, श्यामलाल जांगिड़ और राधेश्याम जांगिड़ ने माणिक्य लाल वर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। रैली मांडलगढ़ डाक बंगले से होते हुए कोतवाल का खेड़ा और बंलदरखा पहुंची, जहां गुलाब की पंखुड़ियों से कन्हैयालाल जांगिड़ ने रैली का स्वागत किया। रैली फलासिया, सराणा, मोटरा का खेड़ा होते हुए विश्वकर्मा मंदिर, सिंगोली चारभुजा पहुंची। वहां समाज के लोगों ने भव्य आरती कर पूजा-अर्चना की और प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर तहसील सभा की नई कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई। जिला अध्यक्ष महावीर जांगिड़ ने कार्यकारिणी का गठन करते हुए देवकरण जांगिड़ को संरक्षक, सत्यनारायण जांगिड़ बंलदरखा को तहसील अध्यक्ष, भंवरलाल जांगिड़ जोजवा को मंत्री, सज्जन जांगिड़ को महामंत्री, रतन जांगिड़ को उपाध्यक्ष नियुक्त किया। साथ ही कमलेश जांगिड़, नंदकिशोर जांगिड़, बनवारी जांगिड़, कैलाश जांगिड़ और लालाराम जांगिड़ को भी जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कार्यक्रम का संचालन भवानीशंकर जांगिड़ ने किया।

# भाजपा ने रक्तदान शिविर के साथ सेवा पखवाड़े का किया शुभारंभ , 75 यूनिट रक्त एकत्रित



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन ने सेवा पखवाड़े की शुरुआत रक्तदान शिविर से की। जिला कार्यालय में आयोजित शिविर में सांसद दामोदर अग्रवाल, जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा और विधायक लादूलाल पीतलिया की मौजूदगी में 75 यूनिट रक्त संग्रह हुआ, जिनमें 5 महिलाओं ने भी रक्तदान किया।

सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान से किसी का जीवन बचाना सबसे बड़ा पुण्य है। जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने बताया कि सेवा पखवाड़े में स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम, स्वास्थ्य शिविर, डॉक्यूमेंट्री फिल्म, प्रबुद्ध वर्ग संवाद, वोकल फॉर लोकल प्रचार, पुस्तक वितरण, खेल प्रतियोगिता और विभिन्न जयंती कार्यक्रम होंगे।

मीडिया प्रभारी अंकुर बोरदिया ने कहा कि 18 से 24 सितंबर तक सात विधानसभाओं के कार्यकर्ताओं के लिए आईनॉक्स सिनेमा में प्रतिदिन दोपहर 3.30 बजे प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर आधारित फिल्म दिखाई जाएगी।

# माली समाज ने सौंपा ज्ञापन, सूरज माली हमले से लेकर डूबने की घटना तक कार्रवाई की मांग

## सैकड़ों लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे, चेताया कार्रवाई नहीं हुई तो होगा प्रदेशव्यापी आंदोलन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

चित्तौड़गढ़ जिले के कपासन क्षेत्र में सूरज माली पर हुए जानलेवा हमले, दौसा के ट्रेनी सब-इंस्पेक्टर राजेंद्र सैनी प्रकरण तथा भीलवाड़ा जिले के फूलियाकलां गांव में नदी में डूबने से माली समाज के दो व्यक्तियों सहित तीन लोगों की मौत जैसे मामलों में न्यायिक कार्रवाई की मांग को लेकर बुधवार को माली सैनी समाज के सैकड़ों लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे। राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के प्रदेश महामंत्री गोपाललाल माली व जिलाध्यक्ष भैरूलाल माली के नेतृत्व में समाजजनों ने जिला कलक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।




महासभा के जिला महामंत्री सत्यनारायण माली ने बताया कि कपासन निवासी सूरज माली पर हुए जानलेवा हमले को लेकर पूरे माली समाज में आक्रोश व्याप्त है। समाज की मांग है कि हमले में शामिल आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और स्थानीय विधायक पर भी मुकदमा दर्ज कर जांच की जाए।

ज्ञापन में दौसा जिले के ट्रेनी सब-इंस्पेक्टर राजेंद्र सैनी प्रकरण पर भी सरकार से दोषी अधिकारियों के खिलाफ कठोर कदम उठाने की मांग की गई। साथ ही भीलवाड़ा जिले के फूलियाकलां में नदी के पानी में डूबकर माली समाज के दो व्यक्तियों समेत तीन लोगों की मौत पर पीड़ित परिवारों को उचित आर्थिक सहायता देने की अपील की गई।

समाज के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि इन प्रकरणों में शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो महासभा पूरे प्रदेश में धरना-प्रदर्शन और आंदोलन के लिए मजबूर होगी।

ज्ञापन देने वालों में महासभा के जिला मंत्री मूरलीधर सैनी, रामप्रसाद माली, गंगापुर युवा तहसील अध्यक्ष रूपचंद सैनी, मांडल तहसील अध्यक्ष बंसीलाल माली, जिला प्रचार मंत्री सुखदेव माली, संगठन मंत्री भागीरथ माली, सत्यनारायण माली बावलास, सत्तू गढ़वाल, कालू माली, भवानीराम माली, मोहन बुलीवाल, बद्रीलाल गोयल, लक्ष्मण श्रीवाल, कर्मचारी संस्थान के जिला अध्यक्ष तोताराम सांखला, सचिव कन्यालाल माली, प्रभुलाल माली, नानूराम गोयल, फूले सेवा संस्थान के कोषाध्यक्ष शंकरलाल माली, देवाराम माली, मनोहर माली, मिठूलाल माली, सोशल मीडिया प्रभारी रोशन गढ़वाल व राजकुमार गोयल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



## QUICK BITES

# खजुरी में जिला स्त्रीय बालिका कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न

**फाइनल में पीपली की टीम ने मारी बाजी, खजुरी उपविजेता बनी**

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**



खजुरी में आयोजित जिला स्त्रीय बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का बुधवार को रोमांचक समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में पीपली की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खजुरी को कड़े संघर्ष में हराया और खिताब अपने नाम किया। मेजबान खजुरी की टीम उपविजेता रही, जिसने पूरे टूर्नामेंट में दमदार खेल दिखाया । पीपली की जीत पर उनके समर्थकों ने जोरदार उत्साह दिखाया। वहीं, दर्शकों ने खजुरी की टीम का भी तालियों से हौसला बढ़ाया और उनके प्रदर्शन की सराहना की। फाइनल के बाद पुरस्कार वितरण हुआ । जिसमे विजेता पीपली और उपविजेता खजुरी की टीमों को ट्रॉफी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# पांसल के दिनेश कुमार गाडरी ने जिला स्तरीय तीरंदाजी में जीता गोल्ड

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



जिला स्तरीय खेलों में पांसल के दिनेश कुमार गाडरी ने तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीतकर गांव और जिले का नाम रोशन किया है।दिनेश ने गोल्ड अमरगढ़ स्कूल में आयोजित 69वीं जिला स्तरीय 19 वर्षीय छात्र-छात्रा तीरंदाजी प्रतियोगिता हासिल किया । दिनेश ने इसका श्रेय कोच आदित्य कुमार शर्मा, गुरु कैलाश चंद्र खटीक और माता-पिता को दिया। अब वे धौलपुर में होने वाली राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# 69वीं जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता सम्पन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



जिले की 69वीं जिला स्तरीय 14 वर्षीय छात्र-छात्रा जूडो प्रतियोगिता का समापन बुधवार को सिखवाल पब्लिक स्कूल, मालोला रोड में हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. शंकर लाल माली, विशिष्ट अतिथि राम प्रसाद माणय्या रहे। छात्र वर्ग में आदर्श विद्या मंदिर, शास्त्री नगर ने 16 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दरीबा द्वितीय रहा। छात्रा वर्ग में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पुर ने 13 अंक लेकर प्रथम स्थान और राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय लादूवास ने द्वितीय स्थान हासिल किया। डॉ. माली ने स्वस्थ तन-मन के लिए जूडो के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. दिनेश शर्मा ने संतुलित आहार व हार-जीत को स्वीकार करने का संदेश दिया। प्रतियोगिता के निर्णायकों और टीम प्रभारियों का विद्यालय द्वारा सम्मान किया गया।


**भीलवाड़ा फोकस**

भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ | बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com

वेब: www.bhilwarafocus.com


# हादसे की इंतजार में सार्वजनिक निर्माण विभाग, पुलिया पर खतरा बरकरार

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**



**जसवंत पारीक।** कस्बे के पास बह रही बनास नदी की पुलिया पिछले दिनों तेज बहाव में क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन सार्वजनिक निर्माण विभाग की लापरवाही के कारण अब तक इसकी मरम्मत या सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए हैं। जानकारी के अनुसार पुलिया की करीब 300 फीट लंबी सुरक्षा दीवार ढह गई और एक ओर से ढांचा खोखला हो गया। क्षति के बाद बडलियास पुलिस ने मौके पर पत्थर डलवाकर अस्थायी रोकथाम की, जबकि जिला उप प्रमुख शंकर गुर्जर और कोटड़ी प्रधान करण सिंह बेलवा ने निरीक्षण कर विभाग को निर्देश भी दिए थे। पानी उतरने के बाद पुल पर तीन दिन तक आवागमन बंद रहा, लेकिन अब बिना संकेतक और पर्याप्त सुरक्षा के यातायात बहाल कर दिया गया है। रात के अंधेरे में क्षतिग्रस्त हिस्सा साफ दिखाई नहीं देता, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने सार्वजनिक निर्माण विभाग से मांग की है कि पुलिया के दोनों ओर चेतावनी संकेतक लगाए जाएं और पुल की तुरंत मरम्मत की जाए, ताकि जानमाल का नुकसान रोका जा सके।

# भाजपा के सुभाष, प्रताप और गणेश मंडलों की संयुक्त कार्यशाला सम्पन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

भाजपा के सुभाष, प्रताप और गणेश मंडलों की संयुक्त कार्यशाला बुधवार को जिला कार्यालय में आयोजित हुई। कार्यशाला का उद्देश्य सेवा पखवाड़ा, आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान और नेक्स्ट-जेन जीएसटी रिफॉर्म्स अभियान के तहत होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर रणनीति तय करना था।

जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की अध्यक्षता और महापौर राकेश पाठक व वरिष्ठ नेता पेंटर सूरज के सान्निध्य में हुई इस कार्यशाला में मंडल पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। सुभाष मंडल अध्यक्ष ऋतुशेखर शर्मा, प्रताप मंडल अध्यक्ष नागेंद्र सिंह और गणेश मंडल अध्यक्ष मुकेश सोनी भी मंच पर मौजूद रहे।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि कार्यशाला में जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने सभी पदाधिकारियों से तीनों अभियानों के कार्यक्रमों में पूर्ण उत्साह और जिम्मेदारी के साथ जुड़ने का आह्वान किया।

इस अवसर पर जिला महामंत्री अविनाश जीनगर, प्रहलाद त्रिपाठी, मंत्री लादूलाल जाट, ललिता कंवर, प्रताप मंडल से भगवतीलाल गुर्जर, रतन अग्रवाल, महिपाल सिंह, विजय जयसवाल, मुकेश शर्मा, सुभाष मंडल से पंकज श्रोत्रिय, पुनीत प्रताप सिंह, दीपक पाराशर, छगन माली, भारत वर्मा, दिनेश माली, गणेश मंडल से तेजेंद्र शक्तावत, रतनलाल आचार्य, अभिषेक जोशी, घनश्याम सिंघीवाल, विनोद शर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# सुवाणा में 17 व 19 वर्षीय छात्र वर्ग क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय सुवाणा में बुधवार को 17 व 19 वर्षीय छात्र वर्ग के मंडल व सुवाणा ब्लॉक स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुवाणा के खेल स्टेडियम में विधायक प्रतिनिधि संजय भड़ाना ने बल्लेबाजी कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य असलम मोहम्मद डायर ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष कल्पेश चौधरी और मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा उपस्थित रहे। सीबीईओ रामेश्वर प्रसाद जीनगर ने खिलाड़ियों को शपथ दिलाई।

प्रधानाचार्य डायर ने बताया कि प्रतियोगिता में 17 वर्षीय वर्ग की 11 टीमें और 19 वर्षीय वर्ग की 9 टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन मैच राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोचरिया और एमपीएस छापरी के बीच खेला गया।

इस अवसर पर नेहपाल सिंह, महावीर सरगरा, शरद सिंह, गोवर्धन शर्मा, बाबूलाल आचार्य, भंवरलाल खरबास, हर्षवर्धन सिंह, कालूलाल बलाई, लादूलाल जाट, मथुरालाल जाट, गोपालनाथ योगी, रणवीरसिंह, गोपाल सिंह, हृदेश गुप्ता, आनंद धोबी, महावीर व्यास, विष्णुदत्त शर्मा, मिथिलेश कौशिक व प्रियंका शर्मा सहित कई लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सतीश कुलहरी ने किया



# जिला स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता का हुआ समापन

**भीलवाड़ा फोकस @ उदलियास**

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिदडियास के तत्वावधान में आयोजित 69वीं जिला स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता 17 व 19 वर्ष छात्र-छात्रा वर्ग का समापन संगम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में हुआ। मुख्य अतिथि सीबीईओ सुवाणा के संदर्भ व्यक्ति दिनेश कुमार उपाध्याय, विशिष्ट अतिथि गोपाललाल जाट और विभागीय प्रतिनिधि सतीश चंद्र झंवर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य गरिमा आर्य ने की। प्रतियोगिता में 19 वर्ष छात्र वर्ग में संगम स्कूल प्रथम, मगरावी मांडल द्वितीय, सिदडियास तृतीय रहे। 19 वर्ष छात्रा वर्ग में संगम स्कूल प्रथम, रामपुरिया द्वितीय, कोचरिया तृतीय रहे। 17 वर्ष छात्र वर्ग में संगम स्कूल प्रथम, सेंट्रल अकादमी द्वितीय, सुंदर देवी सेंट्रल स्कूल फूलियाकलां तृतीय रहे, जबकि 17 वर्ष छात्रा वर्ग में रूपाहेली प्रथम, संगम स्कूल द्वितीय व मगरावी मांडल तृतीय स्थान पर रहे।विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों ने मोमेंटो व प्रमाणपत्र प्रदान किए। प्रत्येक वर्ग से पाँच प्रतिभागियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। समापन समारोह का संचालन हेमराज रेबारी ने किया।



# संस्कृत शिक्षा विभाग की खेल प्रतियोगिता में छाजुओं का खेड़ा ने वॉलीबॉल में किया कब्ज़ा, कई मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय मिंडोलिया में चल रही संस्कृत संभाग स्तरीय 14 वर्षीय छात्र वर्ग क्रीड़ा प्रतियोगिता के तीसरे दिन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। वॉलीबॉल के फाइनल मुकाबले में भीलवाड़ा के छाजुओं का खेड़ा ने नागौर की सामेटियों की ढाणी डेगाना को शिकस्त देकर खिताब अपने नाम किया।

प्रधानाध्यापक परमेश्वर लाल कुमावत व मुख्य निर्णायक गोविंद कलवार ने बताया कि बैडमिंटन के फाइनल में अजमेर के मेवदा कलां ने भीलवाड़ा के देवली को हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। एथलेटिक्स स्पर्धाओं में ताऊसर नागौर के नवीन कुमार ने 100 मीटर दौड़, ब्यावर के फत्ता खेड़ा के कुलदीप सिंह ने 200 मीटर दौड़, डीडवाना-कुचामन के पीह बख्तावरपुरा के देवेंद्र गुर्जर ने 400 मीटर और टोंक के रीसेण्ट नगर के तन्मय खींची ने 600 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 4×100 मीटर रिले दौड़ में खेड़ा रास जैतारण ब्यावर के धनराज वैष्णव, राहुल प्रजापत, प्रकाश गुर्जर और सुनील ने बाजी मारी। संस्कृत शब्द अंत्याक्षरी में सांखड़ा के शिवराज गुर्जर व बबलू भलाई ने जीत दर्ज की, जबकि हिंदी अंत्याक्षरी में भीलवाड़ा के सांगरिया के देवराज कुमावत व विष्णु कुमावत विजेता रहे।

# लक्ष्मीखेड़ा में ग्रामीण सेवा शिविर में भूमि विवाद और आवास पट्टे का त्वरित निस्तारण, कई मामलों का समाधान

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

**मानव तिवाड़ी।** ग्रामीण सेवा शिविर अभियान के तहत बुधवार को ग्लक्ष्मीखेड़ा ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन हुआ। उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में विभिन्न राजस्व एवं आवास संबंधी मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर ग्रामीणों को राहत प्रदान की गई। शिविर के दौरान ग्राम बिजौलिया कला की भूमि के बंटवारे को लेकर ओमप्रकाश पुत्र मुरलीधर शर्मा एवं अन्य पक्षकारों ने प्रार्थना पत्र सौंपा। उपखंड अधिकारी के निर्देशन में तहसीलदार ने दोनों पक्षों की सहमति से दस्तावेजों की




जांच कर मौके पर ही नियमानुसार आदेश पारित किए और प्रकरण का त्वरित निस्तारण किया। इसी शिविर में ग्राम लक्ष्मीखेड़ा की गीता भील, पत्नी गोपाल भील, ने अपने पुश्तैनी मकान के पट्टे की मांग रखी। मामले को गंभीरता से लेते हुए शिविर प्रभारी ने ग्राम विकास अधिकारी को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद पात्र लाभार्थी गीता भील को मौके पर ही आवास पट्टा प्रदान किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के कार्यों का भी त्वरित निपटारा किया गया। फार्मर रजिस्ट्रेशन के 8 प्रकरण, किसान गिरदावरी के 77 प्रकरण, आपसी सहमति का 1 मामला, नामांतरण के 17 प्रकरण, मूल निवास प्रमाण पत्र के 12, जाति प्रमाण पत्र के 10, शुद्धि के 3 तथा 20 पट्टे मौके पर ही जारी किए गए। इस दौरान तहसीलदार ललित डीडवानिया सहित ब्लॉक क्षेत्र के विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे ।

# साहित्य मंडल, श्रीनाथद्वारा ने वैद्य हंसराज चोधरी को दिया चिकित्सा सेवा रत्न सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**पेसवानी।** नाथद्वारा में साहित्य मंडल, श्रीनाथद्वारा द्वारा आयोजित भव्य वार्षिक सम्मान समारोह में समाजसेवी एवं आयुर्वेदिक चिकित्सक वैद्य हंसराज चोधरी को प्रतिष्ठित चिकित्सा सेवा रत्न मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। समारोह में देशभर से साहित्य, चिकित्सा और समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान देने वाले प्रमुख व्यक्तित्व उपस्थित रहे।

वैद्य चोधरी नवग्रह आश्रम मोतीबोर खेड़ा के संस्थापक अध्यक्ष हैं और जिन्होंने आयुर्वेदिक चिकित्सा व समाज सेवा में वर्षों से कार्य किया है और समाज के हर व्यक्ति तक सस्ती और प्रभावी चिकित्सा पहुंचाने का उद्देश्य साझा किया। सम्मान ग्रहण करते समय चौधरी साहित्य मंडल के प्रधानमंत्री को आयुर्वेद व समाज सेवा पर आधारित अपनी प्रकाशित पुस्तकों का सेट भेंट किया।

समारोह में साहित्य मंडल के अध्यक्ष मदनमोहन शर्मा और अन्य पदाधिकारियों ने वैद्य चोधरी के योगदान को सराहा। कार्यक्रम में साहित्य प्रेमियों, चिकित्सकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विद्यार्थियों ने भाग लिया।



# मोदी के जन्मोत्सव पर पीपलूंद में 11 हजार से अधिक पौधे रोपे

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**पेसवानी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मोत्सव और सेवा पखवाड़े के अवसर पर बुधवार को पीपलूंद ग्राम के चारागाह में एक बड़े पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान नीम, शीशम, कदम्ब, जलेबी, मौलश्री, बैर, अमरूद, जामुन, कचनार और सप्तपर्णी सहित कुल 11 हजार से अधिक पौधे रोपे गए। कार्यक्रम का शुभारंभ जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा ने किया। प्रधान कौशल किशोर




शर्मा ने अध्यक्षता की, जबकि विकास अधिकारी सीताराम मीणा, भाजपा शक्करगढ़ और जहाजपुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, तथा भाजपा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष उपस्थित रहे। सरपंच वेदप्रकाश खटीक ने पौधरोपण अभियान के संचालन और देखभाल पर जोर दिया।

विधायक गोपीचंद मीणा ने कहा कि यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण और हरित भारत अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। उपस्थित ग्रामीणों और युवाओं ने पौधों की सुरक्षा और नियमित देखभाल का संकल्प लिया।

# सवाईपुर ने जीता 17 वर्ष छात्र हॉकी का जिला खिताब

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**(सांवर वैष्णव)।** कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की 17 वर्ष छात्र हॉकी टीम ने बुधवार को 69वीं जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का खिताब हासिल किया । शिवपुर, करेड़ा में आयोजित फाइनल मुकाबले में सवाईपुर ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कबराडिया को 4-1 से पराजित किया।

प्रधानाचार्या डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान सवाईपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल में आर्यन पुरोहित, ओम प्रकाश, प्रधान जाट और सुनील जाट ने एक-एक गोल कर टीम को जीत दिलाई। सुनील जाट को उनके बेहतरीन खेल के लिए बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। समापन समारोह में अतिथियों ने टीम प्रभारी पवन कुमार, प्रफुल्ल कुमार और कप्तान को विजेता ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए सवाईपुर से बड़ी संख्या में ग्रामीण, शिक्षक और


सीनियर-जूनियर खिलाड़ी पहुंचे।

# मजदूर संघ ने विश्वकर्मा जयंति पर पुष्पांजलि अर्पित कर रैली निकाली, ज्ञापन सौंपा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

विश्वकर्मा जयंति पर बुधवार को भारतीय मजदूर संघ भामस ने भगवान विश्वकर्मा को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इसके बाद प्रभाष चौधरी के नेतृत्व में रैली निकालकर ठेका कर्मचारियों व नरेगा श्रमिकों की विभिन्न मांगों को लेकर जिला कलक्टर, अधीक्षण अभियंता एवं संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया।




भामस जिलामंत्री हरीश सुवालका ने बताया कि ज्ञापन में राज्य सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम वेतन लागू करने, आठ घंटे से अधिक कार्य पर ओवरटाइम देने, ईएसआई/पीएफ कटौती, सुरक्षा उपकरण, पहचान पत्र व वेतन पर्ची देने, वेतन का भुगतान प्रत्येक माह 10 तारीख तक करने और बिना जांच नोटिस के सेवा से पृथक नहीं करने जैसी मांगें शामिल हैं। नरेगा श्रमिकों के लिए 125 के स्थान पर 200-250 कार्यदिवस तय करने, वेतन समय पर देने, नपती का पैमाना बदलने और सभी श्रमिकों को एनएफएस टीम से जोड़ने की मांग भी की गई। कार्यक्रम में रामेश्वर सिंह, राजेश चतुर्वेदी, कन्हैयालाल माली, जगदीश सिंह, बाबूलाल आडतिया, मनोज मीणा, शमा बंजारा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## QUICK BITES

### उड़द फसल पर प्रक्षेत्र दिवस, किसानों को मिली नई तकनीक की जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा




कृषि विज्ञान केन्द्र भीलवाड़ा ने गोद लिए गए गाँव भगवानपुरा में उड़द फसल पर प्रक्षेत्र दिवस आयोजित किया। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. सी.एम. यादव ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन दलहन योजना के तहत गाँव में उड़द की उन्नत किस्म कोटा उड़द-4 का 40 हैक्टेयर में 100 किसानों के यहाँ प्रदर्शन लगाया गया है। यह किस्म पीले रोग से मुक्त, कीट व रोग प्रतिरोधी है और देशी उड़द से लगभग 20% अधिक उत्पादन देती है। कार्यक्रम में गोटरी प्राइड एफपीओ के सीईओ महिपत सिंह चुण्ड़ावत, निदेशक पंकज टांक, चैन सिंह, ज्ञानमल खटीक, पुष्कर पंवार सहित 84 किसानों ने भाग लिया। इस दौरान किसानों ने नरेन्द्र सिंह चुण्ड़ावत के खेत में उड़द की फसल का अवलोकन किया।

### इंग्लिश मीडियम स्कूल में हुआ सीसीटीवी व अन्य उपकरणों का लोकार्पण

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला



कस्बा स्थित महात्मा गांधी राजकीय इंग्लिश मीडियम विद्यालय में बुधवार को भामाशाहों द्वारा भेंट किए गए सीसीटीवी कैमरे, इन्वर्टर, बैटरी और एलईडी टीवी का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम विद्यालय प्राचार्य दुर्गा मीणा के सान्निध्य में हुआ।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य सोनिया स्वर्णकार, नीलम शर्मा सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में भामाशाहों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जिनमें राजेंद्र सिंह सोलंकी, लादूलाल धाकड़, संजय कुमार पारीक, गोपाल मालू, मुरली मनोहर मूंदड़ा, प्रीतम सोनी, राजेश लड्ढा, अरविंद माली, भगवान मंत्री, प्रभु सुखवाल, नरेश पारीक, रामचंद्र तिवारी, ब्रजराज सिंह सोलंकी, राजमल रेगर, विनय डागा, राजेंद्र मालू, विजय राज सोनी, सत्यनारायण बलाई, सलाम बागवान शामिल रहे । विद्यालय परिवार ने सहयोगकर्ताओं को पौधे भेंट कर सम्मानित किया।

### महुआ अस्पताल में मरीजों को फल वितरित

भीलवाड़ा फोकस @ महुआ।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन और सेवा पखवाड़ा के अवसर पर भाजपा मंडल की ओर से बुधवार को अस्पताल में मरीजों को फल और बिस्किट वितरित किए गए। कार्यक्रम में चिकित्साकर्मियों को तिलक लगाकर दुपट्टा पहनाकर सम्मानित भी किया गया। मंडल अध्यक्ष ब्रजमोहन शर्मा ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान, धार्मिक स्थलों की सफाई, पौधारोपण सहित अनेक कार्यक्रम मंडल स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में पूर्व डीआर महेंद्र वर्मा, बनवारी धाकड़, चैतन्य सिंह, कृष्णगोपाल सिंह, पूर्व सीआर रमेश खटीक, बूथ अध्यक्ष महावीर दर्जी, श्याम लाल माली, मनोज सेठिया, दिनेश वैष्णव, किसान दरोगा तथा चिकित्साकर्मी और सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पीएम मोदी का 75वां जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया





**(नरेश धाकड़)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत विविध गतिविधियों का आयोजन किया। बूथ संख्या 229 पर बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई, जिससे विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों में उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में सेवा पखवाड़ा जिला संयोजक और पंचायत समिति सदस्य हितेंद्र सिंह राजोरा उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, मंडोल बांध स्थित गोशाला में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एडवोकेट सुमित जोशी के नेतृत्व में पौधरोपण और गो सेवा का कार्य भी किया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।